भारत स्काउट्स एवं गाइड्स

राष्ट्रीय मुख्यालय

पताः लक्ष्मी मजूमदार भवन, 16, महात्मा गाँधी मार्ग, इन्द्रप्रस्थ एस्टेट, नई दिल्ली–110002

वेबसाइटः www.bsgindia.org इमेल आईडीः info@bsgindia.org दूरभाषः+91-11-23370126, 23378667

परिपत्र संख्या : 167/2020

दिनांक : 28 दिसम्बर, 2020

प्रति,
समस्त राज्य सचिव
भारत स्काउट्स एवं गाइड्स राज्य संघ
भारतीय संघ

विषय :– राष्ट्रीय युवा समिति का गठन।

महोदय/महोदया,

हमें यह सूचित करते हुए प्रसन्नता हो रही है कि राज्य संघों द्वारा प्रस्तुत नामांकन के अनुसार भारत स्काउट्स एवं गाइड्स की राष्ट्रीय युवा समिति का गठन तत्काल **प्रभाव** से कर दिया गया है। **राष्ट्रीय युवा समिति हेतु नामित सदस्यों की सूची इस परिपत्र के साथ संलग्न है।** यह राष्ट्रीय युवा समिति राष्ट्रीय परिषद की वर्तमान अवधि के लिए कार्य करेगी।

राज्य द्वारा नामित युवा जो जन्म तिथि प्रमाण पत्र की आपूर्ति करने में विफल रहे उनको पूर्वोक्त समिति में सम्मिलित नहीं किया गया है। राज्य संघ जिसने सम्बन्धित दस्तावेज उपलब्ध नहीं कराये हैं, से अनुरोध है कि सम्बन्धित उम्मीदवार की जन्म तिथि को **प्रमाणित** करने हेतु राष्ट्रीय मुख्यालय को आवश्यक दस्तावेज **प्रस्तुत** करें, ताकि इन युवाओं को राष्ट्रीय युवा समिति में सम्मिलित होने का अवसर प्राप्त हो सके। इसी प्रकार जो युवा पहले से ही अधिक आयु के थे उन्हें इस समिति में सम्मिलित नहीं किया गया है।

जिस राज्य ने अपनी राज्य युवा समिति के अध्यक्ष एवं सह–अध्यक्ष की सूची प्रस्तुत नहीं की है, उनसे अनुरोध है कि वे राष्ट्रीय मुख्यालय परिपत्र संख्या 106/2020 दिनाँक 5.8.2020 के साथ संलग्न **प्रोफार्मा** को विधिवत रूप से भरकर अतिशीघ्र (लेकिन **10 जनवरी, 2021** के बाद नहीं) इस कार्यालय को **प्रेषित** करें। ताकि युवाओं को राष्ट्रीय युवा समिति में शामिल किया जा सके, और वे राज्य संघ का प्रतिनिधित्व कर सकें।

10 जनवरी, 2021 के पश्चात, यदि कोई राज्य गैर–प्रतिनिधित्व वाला रह जाता है, तो माननीय मुख्य राष्ट्रीय आयुक्त भारत स्काउट्स एवं गाइड्स की नियमावली के अध्याय–1 के नियम संख्या 49 में निहित शक्तियों का उपयोग कर राष्ट्रीय युवा समिति हेतु उचित युवा सदस्यों को नामांकित करेंगे एवं राज्य संघ द्वारा इस मुद्दे पर उठाई गई किसी भी आपत्ति पर विचार नहीं किया जाएगा।

राष्ट्रीय युवा समिति की आगामी बैठक **12 जनवरी, 2021 को प्रातः 11:30 बजे** आभासी रूप से आयोजित की जाएगी। मीटिंग लिंक को बैठक से एक दिन पूर्व समिति के सदस्यों के बीच प्रसारित किया जाएगा। कृपया नामांकित युवाओं को तदनुसार सूचित करने का कष्ट करें। बैठक ''राष्ट्रीय युवा दिवस'' उत्सव के साथ होगी।

सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है।

सधन्यवाद।

भवदीय,

(राज कुमार कौशिक)
निदेशक

प्रतिलिपि :–

1. समस्त राष्ट्रीय मुख्यालय पदाधिकारी, भारत स्काउट्स एवं गाइड्स, राष्ट्रीय मुख्यालय।
2. अध्यक्ष/सचिव, रेल्वे स्काउट एवं गाइड बोर्ड, रेल भवन, नई दिल्ली।
3. आयुक्त, केन्द्रीय विद्यालय संगठन, **18** इंस्टीट्यूशनल एरिया, शहीद जीत सिंह मार्ग, नई दिल्ली–**110016।**
4. आयुक्त, नवोदय विद्यालय समिति, इंस्टीट्यूशनल एरिया, बी–**15**, सेक्टर–**62**, नोएडा, उत्तर प्रदेश–**201309।**
5. समस्त जिला सचिव, दम्माम, रियाद, मस्कट एवं जमीयत यूथक्लब को आवश्यक कार्यवाही हेतु निवेदन के साथ।